श्री बंशीधर नगर बुधवार
15.07.2026
आषाढ़ शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 319

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:15 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 35 डिग्री से.
न्यूनतम : 28 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : किशोर >> पेज 03 'तुम्बाड 2' में आलिया भट्ट की हुई एंट्री >> पेज 05

### सुविचार

जिस क्षण आप अपनी योग्यता से कम पर समझौता करते हैं, आपको उससे भी कम मिलता है जिसके लिए आप समझौता कर रहे थे।

### न्यूज अपडेट्स

#### सुप्रीम कोर्ट ने 24 घंटे अदालतें चलाने की मांग पर सभी उच्च न्यायालय को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोगों के अधिकार और निजी स्वतंत्रता से जुड़े मामलों पर देशभर की अदालतों में चौबीसों घंटे विचार करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए देशभर के सभी उच्च न्यायालयों को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने नोटिस जारी किया। याचिका अधिवक्ता महेराविश रीन ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि अक्सर नागरिकों को रात में गिरफ्तार किया जाता है या सुबह-सुबह डेमोलेशन कर दिया जाता है। कार्रवाई वीकेंड में की जाती है ताकि उस दौरान संवैधानिक कोर्ट बंद रहें। याचिका में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में जब कोर्ट बंद होते हैं और नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता छीनी जा रही होती है तो एक नागरिक असहाय हो जाता है इसलिए कोर्ट में काम के घंटे और सीमित रुप से वेकेशन बेंच गठित करना जरुरी है। याचिका में मांग की गई है कि नागरिक अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में समय से न्याय मिले इसके लिए दिशा-निर्देश दिए जाएं।

**निधन** ▶ तीन दिन पहले धनबाद कोर्ट से मिली थी तीन साल की सजा

# 84 साल की उम्र में राज्य के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक का निधन

**धनबाद:** झारखंड के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक का मंगलवार सुबह रांची के पल्स अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 84 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। कुछ दिन पहले ही 15 साल पुराने एक मामले में उन्हें व अन्य आरोपियों अदालत ने दोषी ठहराते हुए 3 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि तुरंत बाद ही जमानत भी मिल गई थी। मन्नान मल्लिक वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर धनबाद विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में उन्हें मंत्री बनने का अवसर मिला। मंत्री रहते हुए उन्होंने जनहित और विकास से जुड़े कई विषयों पर काम किया। इससे पहले वह लंबे समय तक धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत करने में जुटे रहे। राजनीति में सक्रिय होने से पहले उन्होंने



तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर के निजी सचिव के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई थी। वह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (आरसीएमएस) और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष रहे।

### 10 जुलाई को सुनाई गई थी सजा

पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की निधन की खबर लोगों के जेहन में इसलिए भी चर्चा का विषय है क्योंकि अभी हाल में ही तीन दिन पहले 10 जुलाई को धनबाद के बहुचर्चित मटकुरिया गोलीकांड में 15 साल बाद जिला एवं सत्र न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इस मामले में पूर्व मंत्री मन्नान मलिक समेत 30 आरोपियों को दंगा, सरकारी कार्य में बाधा पहुचाने और आगजनी के मामलों में दोषी पाते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। हालांकि हत्या, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की गंभीर धाराओं में साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया था। सजा सुनाए जाने के बाद अदालत ने सभी दोषियों को जमानत भी दे दी थी।

### क्या था मामला?

यह मामला 27 अप्रैल 2011 का है। उस दिन मटकुरिया क्षेत्र में बीसीसीएल के क्वार्टरों को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंची पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। स्थिति बेकाबू होने पर पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे झारखंड में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। करीब डेढ़ दशक तक चली सुनवाई के बाद इस मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया है। गंभीर धाराओं में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण आरोपियों को उससे बरी किया गया, जबकि दंगा, सरकारी कार्य में बाधा और आगजनी के आरोप साबित होने पर सजा सुनाई गई।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मन्नान मल्लिक को दी श्रद्धांजलि, कहा– राज्य ने अनुभवी जननेता को खो दिया



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ मंगलवार को झारखंड विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मन्नान मल्लिक लंबे समय तक जनसेवा और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे। उन्होंने झारखंड, विशेषकर धनबाद की जनता की समस्याओं और आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया। उनके निधन से राज्य ने एक अनुभवी जनप्रतिनिधि और सामाजिक सरोकारों से जुड़े नेता को खो दिया है। उन्होंने कहा कि यह अपूरणीय क्षति है और उनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने दिवंगत मन्नान मल्लिक के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा इस दुःख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि झारखंड के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार सुबह रांची के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। उनके निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है तथा विभिन्न दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

## कोसी बराज से पानी का दबाव बढ़ा, डिस्चार्ज 1.88 लाख क्यूसेक के पार, नदी किनारे सतर्कता बढ़ी

**सुपौल।** कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के बीच कोसी बराज से पानी का बहाव मंगलवार को बढ़कर 1,88,210 क्यूसेक तक पहुंच गया। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 14 जुलाई को शाम 6 बजे कोसी बराज का डाउनस्ट्रीम डिस्चार्ज 1,85,310 क्यूसेक दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक ईस्टर्न कोसी मेन कैनाल में पानी का डिस्चार्ज शून्य रहा, जबकि वेस्टर्न कोसी मेन कैनाल (म में 2,900 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस तरह कोसी बराज से कुल डिस्चार्ज 1,88,210 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया। नेपाल स्थित बराह क्षेत्र से शाम 6 बजे 1,15,000 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया। बराह क्षेत्र से लगातार पानी की आवक और कोसी बराज पर बढ़ते दबाव को देखते हुए नदी किनारे बसे इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बरसात के मौसम में कोसी नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी रहता है। तटबंधों की सुरक्षा को लेकर संबंधित अभियंताओं एवं कर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।

## नई तीन भाषा नीति पर केंद्र और सीबीएसई को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की नयी तीन भाषा नीति को चुनौती देने वाली दो नयी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को करने का आदेश दिया। इसके पहले भी कोर्ट ने 18 जून को फ्रेंड्स ऑफ पीपल फॉर एक्टिव डेमोक्रेसी नामक एनजीओ की ऐसी ही याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सीबीएसई को नोटिस जारी किया था। उच्चतम न्यायालय ने 27 मई को छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और सीबीएसई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाओं में कहा गया है कि सीबीएसई की नई तीन भाषा नीति में नौंवी कक्षा से दो और भाषाओं को पढ़ना अनिवार्य बनाया गया है। इन तीन भाषाओं में दो भारतीय भाषाओं का अध्ययन जरुरी है। याचिका में कहा गया है कि अचानक कक्षा नौ के छात्रों को दो अतिरिक्त भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करना उनकी दसवीं बोर्ड की तैयारी प्रभावित कर सकता है। वे अचानक दो भाषाएं कैसे सीख जाएंगे और दसवीं में उनकी परीक्षा देंगे। इससे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ये नीति एक जुलाई से प्रभावी होगी। याचिकाओं में कहा गया है कि सीबीएसई ने सभी हितधारकों से उचित परामर्श किए बिना ही रातोंरात बदलाव कर दिया। तीन भाषाओं में अगर कोई छात्र विदेशी भाषा यानी फ्रेंच, जर्मन या दूसरी विदेशी भाषा पढ़ना चाहता है तो उसे तीसरी भाषा के रुप में ही इसे चुनना होगा।

**भोपाल का भूतिया स्टेशन, 6 करोड़ में हुआ तैयार, भूत की तलाश में पहुंचते हैं लोग**

# 3 साल से न ट्रेन रुकी, न पैसेंजर आया, अब होगा चालू

**भोपाल:** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल का निशातपुरा रेलवे स्टेशन इन दिनों एक अजीबोगरीब वजह से सुर्खियों में है। जून 2023 में करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से यात्रियों के लिए पूरी तरह तैयार किया गया यह स्टेशन आज तक शुरू नहीं हो सका है। यहां प्लेटफॉर्म, लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था और यात्रियों से जुड़ी तमाम आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं, लेकिन आज तक एक भी ट्रेन यहां नहीं रुकी है।




दिन में सन्नाटे और रात में खौफनाक अंधेरे के कारण इस स्टेशन की पहचान अब भोपाल के एक नए 'भुतहा पुते' के रूप में होने लगी है।

### पैसेंजर की जगह अब पहुंच रहे पैरानॉर्मल लवर्स

स्थानीय निवासी प्रेम प्रकाश का कहना है कि स्टेशन बेहद खूबसूरती से बनाया गया है, लेकिन रात के समय यहां जाने में डर लगता है। ट्रेनों और स्टाफ की अनुपस्थिति के कारण यहां रात में अब वो लोग पहुंच रहे हैं जो पैरानॉर्मल एक्टिविटी या भूत-प्रेत की तलाश में रोमांच की उम्मीद रखते हैं।

### तैयारी पूरी, फिर भी रुकी है हरी झंडी

रेलवे अधिकारियों ने भी दबी जुबान में स्वीकार किया है कि जब स्टेशन पर न स्टाफ होगा, न ट्रेनें और न ही मुसाफिर, तो रात में इसका भुतहा लगना लाजिमी है। हालांकि, भोपाल रेल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने इस गतिरोध पर सफाई देते हुए कहा है कि विभाग की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस स्टेशन को बहुत जल्द आम जनता और ट्रेनों के परिचालन के लिए खोल दिया जाएगा।

### निशातपुरा रेलवे स्टेशन से जुड़े जरुरी फैक्ट

**प्रोजेक्ट की लागत:** भोपाल के इस आधुनिक रेलवे स्टेशन को बनाने में करीब 6 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च हुई है।

**पूर्ण होने का समय:** यह रेलवे स्टेशन यात्रियों की सुविधाओं के साथ जून 2023 में ही पूरी तरह बनकर तैयार हो गया था।

**मौजूदा स्थिति:** तीन साल बीतने के बावजूद यहां न तो कोई स्टाफ तैनात हुआ है और न ही यात्रियों का आगमन हुआ है।

**अफवाहों का बाजार:** कनेक्टिविटी न मिलने और खाली पड़े रहने से स्टेशन को लेकर कई तरह की अफवाहें और कहानियां बनने लगी हैं।

**अधिकारियों का कहना-** 'जल्द ही शुरू होगा स्टेशन'

**स्थानीय फीडबैक:** नजदीकी कारोबारियों और यात्रियों के मुताबिक, चालू न होने से क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी का बड़ा नुकसान हो रहा है।

**अधिकारियों का रुख:** नाम न छापने की शर्त पर एक सीनियर अफसर ने बताया कि निरीक्षण और सुरक्षा मंजूरी जैसे रुटीन स्टेप्स आखिरी मोड़ पर अटके हैं।

**अंधेरे का फायदा:** रात के समय सुनसान होने के कारण इस चमचमाते बुनियादी ढांचे में सिर्फ सन्नाटा ही पसरा रहता है।

**ऑफिशियल स्टेटमेंट:** भोपाल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही स्टेशन को ओपन कर दिया जाएगा।

# लेवी के पैसों से हथियार खरीदने की थी तैयारी, एनआईए ने छठे आरोपित को बनाया चार्जशीटेड




**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के मगध जोन में संगठन को दोबारा सक्रिय करने और लेवी के जरिए आर्थिक संसाधन जुटाने के मामले में एक और बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने रांची स्थित विशेष एनआईए अदालत में मामले के छठे आरोपित चंदन कुमार के खिलाफ तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है।

एनआईए की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चंदन कुमार पर संगठन के लिए ठेकेदारों से लेवी वसूलने, आर्थिक संसाधन जुटाने और पुराने माओवादी कैडरों को दोबारा सक्रिय कर संगठन का नेटवर्क मजबूत करने की साजिश में शामिल रहने का आरोप है।

एनआईए की ओर से बताया कि यह मामला वर्ष 2021 में दर्ज किया गया था। जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य मिले कि माओवादी संगठन बिहार-झारखंड के मगध क्षेत्र में अपनी कमजोर पड़ चुकी पकड़ को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रहा था। इसी आधार पर एजेंसी ने मामले की विस्तृत जांच शुरू की।

एनआईए के मुताबिक, चंदन कुमार को जनवरी 2026 में मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान मिले इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और अन्य दस्तावेजों के आधार पर उसके संगठन के लिए फंड जुटाने और माओवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में कथित तौर पर शामिल होने के प्रमाण मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि लेवी के जरिए जुटाई गई रकम का इस्तेमाल हथियार, गोला-बारूद और अन्य संसाधनों की खरीद के लिए किए जाने की योजना थी। एजेंसी इस पूरे वित्तीय नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एनआईए के अनुसार, इस मामले में पहले भी कई आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। ताजा पूरक चार्जशीट के साथ चंदन कुमार का नाम भी आरोपितों की सूची में शामिल कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है ।

## न्यूज अपडेट्स

### लाइट हाउस का फ्लैट किराये में लगानेवाले 232 लाभुकों को निगम का नोटिस

**रांची।** रांची नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत धुर्वा स्थित लाइट हाउस प्रोजेक्ट में आवंटित फ्लैटों को अवैध रूप से किराये पर देने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए मंगलवार को 232 लाभुकों को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही निगम ने लाभुकों को 24 घंटे के भीतर स्वयं फ्लैट में निवास करने का साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। प्राथमिक जांच में पाया गया कि कई आवंटित लाभुक स्वयं फ्लैट में नहीं रह रहे हैं और उन्हें किराये पर देकर योजना के उद्देश्य को प्रभावित कर रहे हैं। नगर निगम के अनुसार यह प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके तहत आवंटित आवास को किराये पर देना पूरी तरह प्रतिबंधित है। निगम ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब या आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने वाले लाभुकों के आवास का आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई तत्काल शुरू की जाएगी। रांची नगर निगम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना आर्थिक रूप से कमजोर और पात्र परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इसलिए योजना का दुरुपयोग, आवासों की अवैध किरायेदारी या नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगम ने कहा कि ऐसे मामलों की लगातार निगरानी की जा रही है, भविष्य में भी नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

**श्रद्धांजलि** नेताओं ने बताया जनसेवा को समर्पित जननेता

# मन्नान मलिक को कांग्रेस मुख्यालय में दी गई श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मन्नान मलिक के पार्थिव शरीर को मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय लाया गया, जहां ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पार्टी की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई।

श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि मन्नान मलिक का निधन कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि मलिक ने अपना पूरा सार्वजनिक जीवन जनसेवा, सामाजिक सद्भाव और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित किया। वे सादगीपूर्ण, मिलनसार और संघर्षशील जननेता थे, जिन्होंने हमेशा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज बुलंद की। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि मन्नान मलिक के निधन से पार्टी ने एक अनुभवी, समर्पित और कर्मठ नेता को खो दिया है। उनका सार्वजनिक जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मन्नान मलिक का जीवन सादगी, सेवा और जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उनके निधन से झारखंड की राजनीति ने एक अनुभवी और लोकप्रिय जननेता को खो दिया है।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि देने वालों में रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामा खलखो, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, राजीव रंजन प्रसाद, सोनल शांति, उज्ज्वल तिवारी, अख्तर अली, मदन महतो, नीतू देवी सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मन्नान मलिक के पार्थिव शरीर को विधानसभा ले जाया गया। इसके पश्चात कांके रोड स्थित उनके आवास 'शौरभ कुंज अपार्टमेंट' में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, सतीश पॉल मुंजनी, राजीव रंजन प्रसाद, अख्तर अली, राजेश सिन्हा सन्नी सहित अनेक नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## मिस यूनिवर्सल इंडिया ने किया फ्यूजन फेयर का उद्घाटन



**रांची।** राजधानी रांची के कैपिटल हिल होटल में मंगलवार से दो दिवसीय लाइफस्टाइल एवं फैशन प्रदर्शनी फ्यूजन फेयर 2026 का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन मिस यूनिवर्सल इंडिया 2025 सिमरन ने फीता काटकर किया। प्रिया बुधिया और शिल्पा जैन की ओर से आयोजित इस फ्यूजन फेयर का यह 18 वां संस्करण है, जिसमें देशभर से 35 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सिमरन ने कहा कि फ्यूजन फेयर रचनात्मकता, उद्यमिता और महिला नेतृत्व वाले व्यवसायों को बढ़ावा देने का प्रभावी मंच है। उन्होंने आयोजन को प्रेरणादायी बताते हुए आयोजकों को बधाई दी। आयोजक प्रिया बुधिया ने कहा कि पिछले 18 वर्षों से फ्यूजन फेयर उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार का अवसर उपलब्ध कराने के साथ रांची को देशभर के प्रतिष्ठित ब्रांड्स से जोड़ने का माध्यम बना हुआ है। सह आयोजक शिल्पा जैन ने कहा कि हर वर्ष प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए कुछ नया प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। आयोजन की पब्लिसिटी पार्टनर लेडीज सर्कल इंडिया है। प्रदर्शनी में फैशन, ज्वेलरी, होम डेकोर, एक्सेसरीज, हस्तशिल्प और विभिन्न लाइफस्टाइल उत्पादों का आकर्षक संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यह आयोजन 14 और 15 जुलाई तक चलेगा, जहां शहरवासी प्रीमियम शॉपिंग के साथ नए उत्पादों और विशेष कलेक्शन का अनुभव ले सकेंगे। इस अवसर पर आरएएलसी-98 की चेयरपर्सन स्नेहा बजाज सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा महिला मोर्चा ने निष्पक्ष जांच कर की दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग



**रांची।** रांची के तुपुदाना क्षेत्र में दो नाबालिग बच्चियों के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य और अमानवीय घटना ने पूरे राज्य को स्तब्ध कर दिया है। यह घटना केवल मानवता को शर्मसार करने वाली नहीं, बल्कि झारखंड की बिगड़ती कानून-व्यवस्था और महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार की विफलता को भी उजागर करती है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निदेर्शानुसार महिला मोर्चा, झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में पीड़ित परिवार के आवास पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की, उनका दुख-दर्द साझा किया और न्याय की लड़ाई में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान पीड़ित परिवार ने कई गंभीर और चिंताजनक तथ्य सामने रखे। परिजनों का कहना है कि बच्ची को घर से ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान अब तक पुलिस नहीं कर सकी है। यह पुलिस की कार्यशैली और जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच करने के बजाय उसे दबाने और लीपापोती करने का प्रयास कर रहा है और मुख्य आरोपितों को बचाने की कोशिश की जा रही है। यदि यह आरोप सत्य है, तो यह न्याय व्यवस्था और कानून के शासन पर गंभीर आघात है। प्रतिनिधिमंडल में महिला मोर्चा की आरती सिंह, शोभा यादव, सीमा सिंह, शुचिता सिंह, नीलम चौधरी, बबीता वर्मा, सुप्रिया दुबे, अर्चना सिंह, सविता लिंडा शामिल थीं।

### रिम्स में योग लैब का शुभारंभ, थायरॉइड विकारों पर योग के प्रभाव पर शोध

**रांची।** राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची के न्यू अकादमिक ब्लॉक के पांचवें तल्ले पर स्थित योग लैब का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। डॉ पियूष ने प्रतिभागियों को योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही दैनिक जीवन में स्वास्थ्य संवर्धन करने के लिए योग को प्रयोग में लाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। मौके पर योग और प्राणायाम का थायरॉइड विकारों पर प्रभाव विषय पर एक बहुकेंद्रीय शोध अध्ययन का शुभारंभ किया गया। डॉ पियूष ने बताया कि यह अध्ययन रिम्स के साथ-साथ झारखंड के अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी संचालित किया जा रहा है। अध्ययन के अंतर्गत प्रतिभागी अगले दो माह तक नियमित रूप से योग और प्राणायाम का अभ्यास करेंगे, इसके पश्चात थायरॉइड ग्रंथि और इससे संबंधित स्वास्थ्य मानकों पर पड़ने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाएगा। इस अवसर पर रिम्स के निदेशक डीके सिन्हा ने कहा कि योग केवल एक जीवनशैली नहीं, बल्कि वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित स्वास्थ्य संवर्धन का प्रभावी माध्यम है। फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ मैरी पुष्पा बाड़ा ने कहा कि इस प्रकार के शोध से थायरॉइड विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका के संबंध में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य प्राप्त होंगे, जो भविष्य में रोगियों के समग्र उपचार में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

**जेपीएससी 14वीं सिविल सेवा परीक्षा परिणाम पर विवाद**

# अभ्यर्थियों ने आयोग कार्यालय का किया घेराव



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद विवाद गहरा गया है। परिणाम में अनियमितता और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) छात्र संघ के नेतृत्व में बापू वाटिका से जेपीएससी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इसके बाद आयोग कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया और परिणाम रद्द कर निष्पक्ष जांच की मांग की।

प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों ने आयोग और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि परीक्षा परिणाम आधी रात को जारी किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि परिणाम संबंधी दस्तावेज पर किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं और आयोग ने कट-ऑफ अंक भी सार्वजनिक नहीं किए हैं। उन्होंने आयोग परिसर की रात की सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने की भी मांग की।

अभ्यर्थियों ने सोशल मीडिया पर वायरल एक ओएमआर शीट का हवाला देते हुए दावा किया कि एक अभ्यर्थी के एक प्रश्नपत्र में 45 में 45 तथा दूसरे में 97 उत्तर सही होने का उल्लेख है, जो संदेह पैदा करता है। उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया में बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को कथित रूप से पैसे और 'सेटिंग' के जरिए लाभ पहुंचाया गया, जबकि झारखंड के अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हुआ है।

प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थी राहुल कुमार ने कहा कि आयोग ने परिणाम जारी करने में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि परिणाम पर आयोग के अध्यक्ष अथवा सक्षम सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं हैं। इसके अलावा परीक्षा की उत्तर कुंजी चार बार जारी किया जाना भी आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

स्थिति को देखते हुए जेपीएससी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो लालपुर चौक से रातू रोड तक सड़क जाम कर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप की मांग करते हुए परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष जांच, चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की अपील की।

हालांकि, अभ्यर्थियों द्वारा लगाए गए आरोपों पर झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# समाज सेवा के साथ मनाया जन्मदिन, सैकड़ों लोगों को कराया भोजन



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप सोशल वर्कर संस्था, गढ़वा की ओर से 135 वें साप्ताहिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर मेंबर अक्षय गुप्ता ने अपना जन्मदिन जरूरतमंदों की सेवा के साथ मनाते हुये समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। भंडारे में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी, बूंदी, रसगुल्ला, फल एवं कोल्ड ड्रिंक का वितरण किया गया।

मौके पर अक्षय ने कहा कि संस्था की स्थापना के समय सभी सदस्यों ने संकल्प लिया था कि जीवन की हर खुशी समाज सेवा के माध्यम से मनाई जायेगी। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए वे प्रत्येक वर्ष अपना जन्मदिन साप्ताहिक भंडारे में जरूरतमंदों के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से जो आत्मसंतोष और आशीर्वाद मिलता है, वह किसी भी उत्सव से बढ़कर होता है। समाजसेवी संतोष केशरी ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था के युवा लगातार सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के लिये प्रेरणा बन रहे हैं। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने अक्षय गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि संस्था का 135 वां साप्ताहिक भंडारा सभी सदस्यों और सहयोगियों के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, यश गुप्ता, पियूष गुप्ता, अनमोल जायसवाल, ऋतिक केशरी, अनिल कुशवाहा, अभय कुशवाहा, सुनील सोनी, अंशु कांस्यकार सहित संस्था के अन्य सदस्य एवं काफी संख्या में जरूरतमंद उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत



**श्री बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के हलिवंता गांव के समीप मंगलवार को हुये एक सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**पुलिस की अपील :** पुलिस ने अपील करते हुये कहा कि यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो या उसकी पहचान हो सके तो कृपया तत्काल नगर ऊंटारी थाना से संपर्क कर सूचना दें, ताकि मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचित किया जा सके।

### 94 से 98 प्रतिशत घरों तक पहुंचे गणना प्रपत्र

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत पलामू जिले में गणना प्रपत्र का वितरण तेजी से जारी है। अधिकांश प्रखंडों में 94 से 98 प्रतिशत घरों तक गणना प्रपत्र पहुंचाए जा चुके हैं, जिससे मतदाता सूची के सत्यापन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डालटनगंज 98.09 प्रतिशत के साथ गणना प्रपत्र वितरण में जिले में प्रथम स्थान पर है। इसके बाद छतरपुर 96.01 प्रतिशत, बिश्रामपुर 95.69 प्रतिशत, पांकी 94.80 प्रतिशत और हुसैनाबाद प्रखंड 94.73 प्रतिशत के साथ अभियान में अच्छी प्रगति दर्ज कर रहे हैं।

## पलामू महिला जनप्रतिनिधियों का अपमान बर्दाश्त नहीं

# लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : किशोर

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति में मंगलवार को जिला परिषद बोर्ड की बैठक हुई। शिक्षा, बिजली, आपूर्ति, कंपनी एवं खनन विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति तथा विभागीय प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराए जाने पर वित्त मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उन्होंने बैठक स्थगित कर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और अगली बैठक से पहले सभी सदस्यों को विभागीय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान विश्रामपुर प्रमुख ने एक बीडीओ पर महिला जनप्रतिनिधियों के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर उनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डीडीसी को मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग के बीटीएम पर किसानों के साथ भेदभाव और बीज वितरण में अनियमितता के आरोप की भी जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

बैठक में सिक्का गांव की घटना, खाद-बीज की उपलब्धता और खरीफ फसलों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने की। बैठक में डीडीसी मो. सादात अनवर, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, मिथिलेश पांडेय, धनंजय पासवान, भीष्म चौरसिया, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, विजय कुमार, विजय राम, अमित जायसवाल, कृष्णा सिंह, फजायल अहमद, प्रदीप चावला, संग्राम सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## खाद-बीज की कालाबाजारी पर वित्त मंत्री का सख्त एक्शन, दो दुकानों का लाइसेंस रद्द करने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** जिप बैठक में किसानों द्वारा खाद-बीज की कमी और कालाबाजारी का मुद्दा उठने के बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के कई खाद-बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच में कुछ दुकानदारों द्वारा स्टॉक नहीं होने की बात कही गई, जबकि थोक विक्रेताओं से जानकारी मिली कि खाद का उठाव पहले ही किया जा चुका था। इस पर कृत्रिम अभाव पैदा कर अधिक कीमत पर बिक्री की आशंका जताते हुए वित्त मंत्री ने भोला खाद-बीज भंडार एवं न्यू कोमल बीज भंडार का लाइसेंस तत्काल रद्द करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों का शोषण और खाद-बीज की कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। दोषी दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद और बीज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान डीडीसी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, संग्राम सिंह, विजय रविदास, अरुण कुमार सिंह, राजकमल तिवारी, लव मेहता सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### 27वें स्थापना महोत्सव पर भक्ति में डूबा संकट मोचन महामृत्युंजय मंदिर परिसर



**रेहला :** रेहला थाना चौक स्थित संकट मोचन महामृत्युंजय मंदिर का 27 वां स्थापना महोत्सव बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा से सजाया गया है। जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया है। महोत्सव की शुरूआत सुबह विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों से हुई। इसके बाद 24 घंटे का अखंड हरे राम-हरे कृष्ण संकीर्तन आरंभ हुआ, जो बुधवार तक निरंतर चलेगा। दोपहर में श्रद्धालुओं के बीच खीर और खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रात में रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ की अध्यक्षता में विशाल महाभंडारे का आयोजन हुआ। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में एसडीपीओ चिरंजीव मंडल, रेहला ग्रासिम संस्थान के प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, प्रदेश कांग्रेस नेता प्रभात दुबे उर्फ बड़ू दुबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य फिरोज खान, ललित चौबे, भाजपा नेता डॉ बीपी शुक्ल एवं श्याम नारायण राम सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुये। महोत्सव को सफल बनाने में आयोजन समिति के टुनटुन दीक्षित, सत्येंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, आदर्श सिंह राजपूत, मुन्ना चौकीदार, मंदिर के पुजारी राजेंद्र तिवारी तथा रेहला थाना पुलिस के अधिकारियों-कर्मियों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और भक्तिमय माहौल बना रहा।

### जिला परिषद बोर्ड बैठक में भवनाथपुर की समस्याएं प्रमुखता से उठीं



**गढ़वा :** जिला परिषद गढ़वा की बोर्ड बैठक में भवनाथपुर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याएं प्रमुखता से उठीं। बैठक में भवनाथपुर की जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने सड़क निर्माण, बिजली व्यवस्था, रोजगार सृजन, पर्यटन विकास तथा भ्रष्टाचार जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से रखते हुये शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने की। जबकि उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद भी मौजूद रहीं। बैठक में उठाये गये सभी बिंदुओं पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच कर त्वरित कार्रवाई करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के बाद जिला परिषद सदस्य ने कहा कि भवनाथपुर क्षेत्र के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वह लगातार प्रयास करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क, बिजली, रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है।

### ग्रामसभा की अनदेखी, योजनाओं में अनियमितता और मनमानी का आरोप

**मेराल :** प्रखंड की बिकताम पंचायत की पंचायत सचिव रेखा कुमारी के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। दर्जनों ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन देकर पंचायत सचिव के कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने तथा उनका दूसरे पंचायत में स्थानांतरण करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव की कार्यशैली से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामसभा और पंचायत कार्यकारिणी की स्वीकृति के बिना योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास सहित अन्य सरकारी योजनाओं के लाभुक चयन में अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही आवेदन व शिकायतों का समय पर निष्पादन नहीं होने और आम लोगों के साथ असहयोगात्मक व्यवहार का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व बीडीओ द्वारा किया गया उनका स्थानांतरण बाद में निरस्त कर दिया गया, जिसके बाद उनकी कार्यशैली और मनमानी बढ़ने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने डीसी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा जनहित में पंचायत सचिव का शीघ्र स्थानांतरण सुनिश्चित करने की मांग की है। आवेदन में बीडीसी विनोद पासवान, चतर्गुन राम, नारायण राम, रामकृपाल सहित दर्जनों ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

## मतदाता सूची में नहीं रहे कोई त्रुटि : डीसी

# समय पर पूरा करें एसआईआर का काम

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत जिला आरओ सह डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाता सूची अद्यतन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने चैनपुर स्थित उच्च विद्यालय सहदेवा के मतदान केंद्र संख्या-112 तथा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरांव के मतदान केंद्र संख्या-62, 63 और 64 का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जहां गणना प्रपत्रों का संग्रहण पूरा हो चुका है, वहां डिजिटाइजेशन में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूची का सत्यापन पूरी सावधानी से करने के निर्देश दिए।

डीसी ने बूथ स्तरीय अभिकताओं (बीएलए-2) से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही या अनावश्यक विलंब किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संजय पांडेय, चैनपुर अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी, बीएलओ और कर्मी उपस्थित थे।

# विधायक ने भारद्वाज पेट्रोल पंप का किया उद्घाटन कहा, अब किसानों व वाहन चालकों को मिलेगी राहत



बंशीधर न्यूज

**उंटारी रोड :** प्रखंड के पांडेयपुरा गांव स्थित फेंकनडीह मोड़ पर मंगलवार को भारद्वाज पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया गया। उदघाटन विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। बी मोड़-मोहम्मदगंज मुख्य मार्ग पर खुले इस पेट्रोल पंप से अब आसपास के किसानों और वाहन मालिकों को पेट्रोल-डीजल के लिये दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि क्षेत्र में पेट्रोल पंप का खुलना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे लोगों का समय और खर्च दोनों बचेंगे। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालक अजय कुमार धर दुबे को लोगों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ व्यवसाय करने की सलाह दी। साथ ही हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। मौके पर मुरमा खुर्द के मुखिया रामवचन राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, भूमिदाता राजू सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि नहीं देने की चर्चा

पेट्रोल पंप परिसर में स्थापित 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर उद्घाटन समारोह के दौरान किसी भी अतिथि द्वारा पुष्पांजलि अर्पित नहीं किये जाने को लेकर लोगों में चर्चा रही। लोगों का कहना था कि उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की जाती तो यह उनके प्रति सम्मान का बेहतर संदेश होता।

## न्यूज अपडेट्स

### खेत जोतने के दौरान विवाद में चली गोली बुजुर्ग को लगी, भर्ती

**छतरपुर :** खेत जोतने के दौरान मेड़ के विवाद को लेकर छतरपुर थाना क्षेत्र के हुटुकदाग में हुई फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को गोली लगी है। घायल व्यक्ति हुटुकदाग निवासी 60 वर्षीय विश्वंभर लोहरा है और उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। इधर, सूचना मिलते ही छतरपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एमएमसीएच में पुलिस को दिए फर्द बयान में जख्मी विश्वंभर लोहरा ने बताया कि खेत की जुताई करवाने के दौरान अपने गोतिया के साथ मेड़ को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद में उन्हें गोली मारी गई है। घायल के परिजनों के अनुसार उन्हें मथुरा लोहरा नामक व्यक्ति ने गोली मारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है।

### भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिये विशेष शिविर आज

**कांडी :** प्रखंड क्षेत्र के लंबित भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान के लिये 15 जुलाई (बुधवार) को थाना सह अंचल दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन अंचल कार्यालय सह प्रखंड भवन, कांडी में होगा। इसकी जानकारी सीओ राकेश सहाय ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। अंचलाधिकारी ने बताया कि थाना सह अंचल दिवस का मुख्य उद्देश्य जमीन संबंधी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करना तथा आम लोगों को एक ही स्थान पर प्रशासनिक एवं राजस्व संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई कर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## गढ़वा

### जनसुनवाई में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, सरकारी योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन तथा बकाया मजदूरी भुगतान सहित कई मामलों पर लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। डीसी ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुये संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में रमना प्रखंड के परसवान गांव निवासी नाजिम रसूल अंसारी ने खजूरी-विंढ़मगंज पथ चौड़ीकरण परियोजना के तहत अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के दौरान उनका मकान भी तोड़ दिया गया, लेकिन अब तक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है। डीसी ने मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया।

इसी तरह करचा निवासी जसिया देवी ने फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना में अधिग्रहित 4.824 डिसमिल भूमि के बदले आंशिक मुआवजा मिलने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि केवल 0.03100 डिसमिल भूमि का भुगतान किया गया है। जबकि शेष राशि लंबित है। डीसी ने संबंधित विभाग को पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नगर परिषद गढ़वा के वार्ड संख्या 16 के वार्ड पार्षद पारसनाथ कश्यप ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि कई महिलाओं एवं छात्राओं के खाते में नहीं पहुंचने की शिकायत की। वहीं सदर प्रखंड के पोटमा गांव की प्रमिला देवी ने अपने दिवंगत पति एवं पंचायत सचिव स्वर्गीय गणेश तिवारी के बकाया भुगतान तथा अनुकंपा के आधार पर पुत्र को नौकरी देने की मांग रखी। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भी अपनी-अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं। डीसी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुये कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

## 16 जुलाई को निकलेगी भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, तैयारियां पूरी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** इस्कॉन पलामू की ओर से हरे कृष्ण निवास मेजर मोड़ पुलिस लाइन में मंगलवार को भगवान श्री जगन्नाथ की पारंपरिक रथयात्रा के सफल आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं विशेष बैठक आयोजित की गई। आयोजकों ने बताया कि आगामी 16 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष रथयात्रा पलामू, गढ़वा, मझिआंव और जपला इकाइयों के संयुक्त प्रयास से आयोजित होगी। रथयात्रा मार्ग, सेवा व्यवस्था, सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। आयोजकों के अनुसार हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई। बैठक में गौरधाम प्रभु, सुंदर माधव प्रभु, राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, अरविंद प्रभु, विकास प्रभु, हर्षवर्धन प्रभु, लवकुश प्रभु, उत्तम प्रभु, प्रभुल प्रभु, प्रखर दास प्रभु और अर्पण प्रभु सहित बड़ी संख्या में भक्त एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता गौरधाम प्रभु ने की।

### सुब्रतो कप का आगाज, खेल व शिक्षा से ही संवरता है विद्यार्थियों का भविष्य : डीसी



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को चैनपुर स्थित सहोदय उच्च विद्यालय में प्रमंडल स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप अंतर्राज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फुटबॉल को किक मारकर एवं टॉस कराकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया। डीसी ने कहा कि विद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण पाठशाला है। पढ़ाई के साथ खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। खेल अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करते हैं, जो जीवन में सफलता की मजबूत नींव बनते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में पलामू, गढ़वा और लातेहार की टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले हुए, जबकि बुधवार को अंडर-17 बालिका वर्ग के मैच खेले जाएंगे। कार्यक्रम में डीएसई, एडीपीओ, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### आज से शुरू होगी भव्य श्री रामकथा



**श्री बंशीधर नगर :** श्री रामकथा आयोजन समिति के तत्वावधान में गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर 15 जुलाई से नौ दिवसीय भव्य श्रीरामकथा का श्रीगणेश होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा प्रतिदिन दिन में 3 बजे से प्लस टू हाईस्कूल के मैदान में होगी। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव दीप प्रज्ज्वलित कर करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर ने बताया कि विंध्याचल धाम से पधारे जगतगुरु श्री सत्य प्रपन्नाचार्य जी रामकथा करेंगे। श्रीरामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, त्याग और धर्म के संदेश को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए विशाल वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है। साथ ही पेयजल, प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन को लेकर श्री बंशीधर नगर और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित कथा में शामिल होकर रामकथा का रसपान करें और आयोजन को सफल बनाएं।

### उत्कृष्ट कार्य के लिये एसबीआई के कर्मी हुये सम्मानित, मैनेजर ने बढ़ाया हौसला



**श्री बंशीधर नगर :** भारतीय स्टेट बैंक नगर ऊंटारी शाखा में मंगलवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक कर्मियों को सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक सरोज कुमार केसरी ने बेहतर प्रदर्शन, ग्राहकों के प्रति समर्पण और कार्यकुशलता के लिये कर्मचारियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उस मौके पर शाखा प्रबंधक सरोज कुमार केसरी ने कहा कि बैंक की सफलता कर्मचारियों की मेहनत, ईमानदारी और टीम भावना पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी कर्मियों से भविष्य में भी इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुये ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की अपील की। सम्मानित होने वाले कर्मचारियों में विपुल कुमार, विशाल कुमार एवं आकाश कुमार के नाम शामिल हैं।सम्मान मिलने पर सभी कर्मचारियों ने बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे भी उत्कृष्ट कार्य करने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिये प्रेरित करेगा। उस मौके पर फील्ड ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार, अजीत कुमार मोरंग, आराधना कुमारी समेत कई कर्मी मौजूद थे।

### जनसंख्या नियंत्रण पखवारा के तहत उत्कृष्ट स्वास्थ्यकर्मी हुये सम्मानित

# एएनएम एवं सहियाएं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित

बंशीधर न्यूज




**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार स्वास्थ्य मेला सह जनसंख्या नियंत्रण पखवारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करना, जनसंख्या स्थिरीकरण को बढ़ावा देना तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर परिवार नियोजन एवं बंध्याकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, एएनएम एवं सहियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के सामने एक गंभीर चुनौती है। सीमित परिवार से न केवल बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित होता है, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और परिवार को आर्थिक मजबूती भी मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार परिवार नियोजन के लिए कई निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिनका अधिक से अधिक लोगों को लाभ उठाना चाहिये। उन्होंने दंपतियों से परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं समृद्ध परिवार के निर्माण में जनजागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सक डॉ रंजन दास, एएनएम अंजू किस्पोटा तथा सहिया सुनीता देवी, रीता देवी एवं ललिता देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सहियाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उनके निरंतर प्रयासों से परिवार नियोजन कार्यक्रम को गांव-गांव तक पहुंचाने में सफलता मिल रही है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह, डॉ रंजन दास, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ नीतीश भारती, बीटीटी अनुज गुप्ता, अनूप गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, एएनएम अंजू किस्पोटा, सम्मानित सहिया सुनीता देवी, रीता देवी, ललिता देवी सहित स्वास्थ्यकर्मी एवं लाभुक उपस्थित थे।




## लंबे इंतजार के बाद गोविंदा की वापसी, नई फिल्म 'रूपा' का ऐलान

बॉलीवुड के 'हीरो नंबर-1' गोविंदा एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी नई फिल्म 'रूपा' की आधिकारिक घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी किया। फिल्म में गोविंदा के साथ नवोदित अभिनेत्री रानी स्वर्णकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। गौरतलब है कि गोविंदा आखिरी बार वर्ष 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'रंगीला राजा' में दिखाई दिए थे। गोविंदा इस फिल्म में सिर्फ मुख्य अभिनेता ही नहीं, बल्कि निमार्ता की भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि 'रूपा' खास तौर पर युवाओं को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह फिल्म युवाओं को अपने सपनों पर विश्वास करने और उन्हें पूरा करने की प्रेरणा देगी। अभिनेता ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर अपनी अलग छाप छोड़ेगी।

अपने लंबे अंतराल पर बात करते हुए गोविंदा ने कहा कि कई लोगों ने मान लिया था कि अब वह फिल्मों में वापसी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ₹लोग कहते रहे कि अब मैं फिल्मों में नजर नहीं आऊंगा, लेकिन मैंने हमेशा नई शुरूआत पर भरोसा किया। शायद यही मेरी नियति थी कि मुझे बार-बार खुद को साबित करना पड़ा।₹ उन्होंने कहा कि अब वह एक नई ऊर्जा और नए उत्साह के साथ दर्शकों के बीच लौट रहे हैं। गोविंदा ने बताया कि 'रूपा' उनके करियर की नई पारी की शुरूआत होगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट और अन्य कलाकारों को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अभिनेता के इस ऐलान के बाद उनके प्रशंसकों में एक बार फिर उन्हें बड़े पर्दे पर देखने का उत्साह बढ़ गया है।

## 'तुम्बाड 2' में आलिया भट्ट की हुई एंट्री



अभिनेता और निमार्ता सोहम शाह की बहुप्रतीक्षित हॉरर फिल्म 'तुम्बाड 2' को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर आखिरकार विराम लग गया है। निमार्ताओं ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया है कि अभिनेत्री आलिया भट्ट फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इस ऐलान के साथ ही फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। सोहम शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आलिया भट्ट के साथ कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें 'तुम्बाड' के प्रतीकात्मक लाल बैकग्राउंड, शैतानी गुड़िया, लालटेन और लाल घेरे जैसी झलकियां दिखाई गई हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। 'तुम्बाड 2' में आपका स्वागत है, आलिया भट्ट। प्रलय आएगा। सिनेमा में मिलते हैं। 03.12.2027। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट 3 दिसंबर 2027 घोषित कर दी गई है। आलिया भट्ट पहली बार किसी हॉरर फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। ऐसे में उनके प्रशंसकों के बीच इस नई भूमिका को लेकर खासा उत्साह है। फिल्म में सोहम शाह एक बार फिर मुख्य भूमिका निभाएंगे। इससे पहले नवाजुद्दीन सिद्दीकी के भी फिल्म से जुड़ने की घोषणा की जा चुकी है, जिससे इसकी स्टारकास्ट और मजबूत हो गई है।

## ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी शुरू, 20 से ज्यादा युद्धपोत और सैकड़ों सैन्य विमान मोर्चे पर, खाड़ी देशों पर हमला



# डीसी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सत्यापन कार्य का लिया जायजा

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव पाठशाला सह बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक आयोजित की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार के निर्देश पर आयोजित इस अभियान में बीएलओ, बीएलए-2, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता से अनमैप्ड इलेक्टर्स के सत्यापन का कार्य किया गया। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना था। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सीएम एक्सीलेंस विद्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 117, 118, 119 एवं 120 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सत्यापन कार्य की प्रगति, निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुपालन तथा बैठक की कार्यवाही का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने स्वयं भी अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर गणना प्रपत्र भरकर जमा किया और मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। बैठक में संबंधित एईआरओ को निर्देश दिया गया कि स्वयंसेवकों के माध्यम से अनमैप्ड इलेक्टर्स की सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता का नाम सार्वजनिक रूप से पढ़कर ग्रामीणों से उसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करें। प्राप्त जानकारी के आधार पर मतदाताओं को अब्सेंट, शिफ्टेड (परमानेंटली), डेथ, डुप्लीकेट अथवा फॉरेनर जैसी श्रेणियों में चिह्नित किया गया। सत्यापन के बाद बीएलओ एवं स्वयंसेवकों द्वारा एएसडीडीएफ सूची का प्रारूप भी तैयार किया गया। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र की बैठक की कार्यवाही एवं फोटो को बीएलओ ऐप पर अपलोड किया गया। जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, उनके प्रपत्रों एवं फोटो का डिजिटाईजेशन भी किया जा रहा है। वहीं शेष मतदाताओं की स्थिति का सत्यापन कर आवश्यक टिप्पणियां दर्ज की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची के शुद्धिकरण, वास्तविक मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रशासन ने सभी बीएलओ, बीएलए-2, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की।

## प्रधानमंत्री संग्रहालय में वॉकिंग विद लेगेसी प्रदर्शनी शुरू

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय ने बुधवार को अपनी विशेष प्रदर्शनी वॉकिंग विद लेगेसी का शुभारंभ किया। संग्रहालय के ब्लॉक-1 स्थित परिचय गैलरी में आयोजित यह प्रदर्शनी 24 जुलाई तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री संग्रहालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रियंका मिश्रा भी उपस्थित रहीं। संग्रहालय की आरक्षित संग्रह सामग्री से चयनित छड़ियों (वॉकिंग स्टिक्स) और बैटनों को इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी इन वस्तुओं की कलात्मकता, शिल्प कौशल और उनके सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करती है। साथ ही यह भी दशार्ती है कि विभिन्न कालखंडों में छड़ियां और बैटन नेतृत्व, अधिकार, सामाजिक प्रतिष्ठा और व्यक्तिगत पहचान के प्रतीक के रूप में किस प्रकार उपयोग में लाई जाती रही हैं। प्रदर्शनी में प्रदर्शित कई वस्तुएं देश के प्रमुख नेताओं और विशिष्ट व्यक्तित्वों से जुड़ी रही हैं। इनके साथ संबंधित ऐतिहासिक संदर्भ और व्यक्तिगत प्रसंग भी प्रस्तुत किए गए हैं, जिससे दर्शकों को इन दुर्लभ धरोहरों को समझने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री संग्रहालय के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य संग्रहालय के आरक्षित संग्रह को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाना तथा भारत की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।

## होर्मुज पर अमेरिकी नियंत्रण के बाद अब नाकाबंदी की तैयारी, भारतीय नागरिक की मौत पर नई दिल्ली ने ईरान के उप राजदूत को किया तलब



**तेहरान/वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में नियंत्रण का दावा करते हुए कहा कि अब वहां नाकाबंदी शुरू की जाएगी। अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने घोषणा कि ईरान में हमलों का तीसरा चरण पूरा कर लिया गया। ईरान ने बंदर अब्बास बंदरगाह शहर, किश, केशम और अबू मूसा द्वीपों पर धमाकों की पुष्टि की है। ट्रंप ने कांग्रेस को बताया कि ईरान में सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो गई है। तेहरान ने अमेरिका के क्षेत्रीय सहयोगियों पर हमले किए और कहा कि उसने दो टैंकरों पर हमला कर उन्हें बेकार कर दिया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कहा कि ईरानी मिसाइलों ने ओमान के समुद्री इलाके में उसके टैंकरों को निशाना बनाया। हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई। हताहत नाविक की पहचान भारतीय नागरिक की मौत हो गई। उधर, होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने देश के नाविक की मौत पर भारत ने ईरान के उप राजदूत (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब किया। सीएनन, सीबीएस न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सेंटकॉम ने कहा कि यह हमलों की तीसरी रात रही। अमेरिकी सेना ने ईरान के कई इलाकों में हमले किए। हमलों में ईरान के तटीय रक्षा सिस्टम के साथ-साथ मिसाइल और ड्रोन साइटों को भी निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया ने बंदर अब्बास बंदरगाह शहर और किश, केशम और अबू मूसा द्वीपों पर धमाकों की खबर दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम टूट गया है। ट्रंप ने कांग्रेस को बताया कि ईरान में सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो गई है। सेंटकॉम ने कहा कि मंगलवार को शाम चार बजे (पूर्वी समय) ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी फिर से शुरू हो जाएगी। अमेरिका-ईरान के सैन्य टकराव से क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। सऊदी अरब और यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के बीच ताजा हमले हुए हैं। ट्रंप ने न्यूजमैक्स को दिए साक्षात्कार कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का नियंत्रण है। ईरान इस जलमार्ग पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है और उन जहाजों पर हमले कर रहा है जो उसकी बात नहीं मानते। राष्ट्रपति ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य का ₹गार्जियन एंजेलर₹ (रक्षक) बनेगा और वहां से गुजरने के लिए पैसे लेगा। लेकिन ईरान ने खुद टोल वसूलने की संभावना से इनकार नहीं किया है और इस साल की शुरूआत में कई शिपिंग कंपनियों ने ईरान को टोल दिया था। ट्रंप ने यह भी दोहराया कि वह ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकाबंदी फिर से शुरू करने की योजना को अंजाम देना बाकी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका सिर्फ ईरान और उसके साथ व्यापार करने वाले देशों के जहाजों के गुजरने पर पाबंदी लगाएगा। इस बीच यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स ने कहा है कि ओमान के लिमाह इलाके के दक्षिण-पूर्व से गुजरते समय एक टैंकर पर मिसाइल से हमला होने की खबर है। अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। टैंकर ट्रैकर्स के अनुसार ईरान ने पिछले 26 दिनों में आठ करोड़ बैरल तेल भेजा है। इनकी कीमत अभी छह अरब डॉलर है। संस्था ने कहा कि ईरान लाखों बैरल तेल भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। ट्रैकिंग ग्रुप ने कहा, अब जबकि अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी तय समय से एक महीने से भी पहले फिर से लागू की जा रही है, ऐसा लगता है कि ईरान अब लगभग तीन करोड़ बैरल कच्चा तेल नहीं भेज पाएगा।। बहरीन का कहना है कि उसने आज ईरान के अनेक हमलों को नाकाम कर दिया। बहरीन डिफेंस फोर्स के जनरल कमांड ने कहा कि ईरान बहरीन के नागरिकों और निजी संपत्ति को निशाना बनाने के लिए मिसाइलों और ड्रोनों का जानबूझकर इस्तेमाल कर अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का खुला उल्लंघन कर रहा है। ईरान के तेलमंत्री मोहसेन पाकनेजाद के अनुसार अमेरिकी तेल प्रतिबंधों से जुड़ी 60 दिन की छूट पिछले हफ्ते रद होने के बावजूद ईरान का तेल निर्यात सामान्य रूप से जारी है।

### जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के तत्वावधान में मंगलवार को जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, डीसी ने किया शुभारंभ

# विश्व जनसंख्या दिवस पर उत्कृष्ट स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित, जागरूकता रथ रवाना

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के तत्वावधान में मंगलवार को जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व, किशोर स्वास्थ्य एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में परिवार नियोजन कार्यक्रम के सफल संचालन एवं बेहतर कार्य निष्पादन के लिये विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सकों, एएनएम, एफपी-बीटीटी एवं सहियाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंका डॉ असजद अंसारी, प्रभारी चिकित्सा




पदाधिकारी भवनाथपुर डॉ दिनेश कुमार, एएनएम इमलान बेक एवं शिला कुमारी, एफपी-बीटीटी पिंकी कुमारी, उषा कुमारी, वीरेंद्र कुमार मिश्रा तथा सहिया अनिता देवी एवं सूजनती देवी शामिल रहीं। इस दौरान परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण विषय पर नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। कलाकारों ने छोटे परिवार के लाभ, सुरक्षित मातृत्व, बच्चों के जन्म के बीच उचित अंतराल रखने तथा परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के उपयोग के प्रति लोगों को रोचक ढंग से जागरूक किया। मौके पर डीसी श्री मिश्रा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों से निपटने के लिये जनजागरूकता और परिवार नियोजन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाकर स्वस्थ, शिक्षित एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की। सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी ने परिवार नियोजन के अस्थायी एवं स्थायी साधनों की जानकारी देते हुये कहा कि बच्चों के जन्म के बीच उचित अंतराल रखने से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर होता है और मृत्यु दर में कमी आती है। उन्होंने पात्र दंपत्तियों से नि:शुल्क परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर डीसी, सीएस एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से परिवार नियोजन जागरूकता रथ एवं जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण का संदेश देगा। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार, जिला लेखा प्रबंधक, जिला कार्यक्रम समन्वयक, डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर, डीसीक्यूए, सम्मानित चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी, सहियाएं आदि उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)